हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार 14 फरवरी 2026

12 राजकीय कॉलेज नारनौल में दो दिवसीय...



11 सोलो डांस में राजकीय कॉलेज नारनौल...



## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

महेंद्रगढ़। गांव सिहोर निवासी एक 28 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के बयान पर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक का रेलगाड़ी से एक्सीडेंट हो गया है, जिसके बाद पुलिस द्वारा उसे नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ ले जाया गया।

### निजी स्कूल के चपरासी की ड्यूटी के दौरान मौत

महेंद्रगढ़। कस्बा सतनाली के एक निजी स्कूल में कार्यरत चपरासी की शुक्रवार सुबह ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सतनाली निवासी रमेश कुमार के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र जोगिन्द्र द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार उसके पिता रमेश कुमार गांव पथरवा स्थित एक सेकेंडरी स्कूल में बतौर चपरासी कार्यरत थे। शुक्रवार सुबह वह रोजाना की तरह अपनी ड्यूटी पर गए थे। काम के दौरान ही वह अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े।

### शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर आज

**मंडी अटेली।** 14 फरवरी को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में गांव नांगल में चौथा रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर राजकीय प्राथमिक विद्यालय नांगल परिसर में लगाया जाएगा। विकास यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्त संग्रह के लिए नारनौल ब्लड बैंक की टीम विशेष रूप से पहुंचेगी। शिविर का आयोजन युवा संगठन नांगल द्वारा किया जा रहा है।

### आज बाधित रहेगी बिजलीः एसडीओ

**सतनाली मंडी।** सतनाली सीटी सहित कृषि फीडर की बिजली आपूर्ति शनिवार को दिन में 11 से तीन बजे तक बाधित रहेगी। डीएचबीवीएन सतनाली के एसडीओ हनुमान सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पावर ट्रांस्फार्मर मेंटेनेंस एवं पैनल का कार्य के चलते सब इंजीनियर के अनुरोध पर 14 फरवरी को सतनाली सिटी, सोहड़ी एपी एवं यदुवंशी स्कूल की बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे अथवा कार्य पूर्ण होने तक बाधित रहेगी।

# हंगामे की भेंट चढ़ी नगर पालिका की बैठक, 30 मुद्दों पर होनी थी चर्चा

- चेयरमैन और पार्षदों में जमकर बहसबाजी, पार्षदों ने बैठक को बनाया असंवैधानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका सदन की बैठक शुक्रवार को रामलीला परिषद के हॉल में हुई। इसकी अध्यक्षता नपा चेयरमैन रमेश सैनी ने की। बैठक के दौरान शोर-शराबा रहा। पार्षदों व चेयरमैन के बीच जमकर बहसबाजी हुई। विवाद होने की आशंका के चलते पहले ही पुलिस दल तैनात किया गया था। जब चेयरमैन ने एजेंडा में 30 विभिन्न प्रस्ताव रख तो 12 पार्षदों ने आपत्ति दर्ज करवाई। इन पार्षदों ने लिखित रूप से अपनी असहमति दी कि यह बैठक असंवैधानिक है। पार्षदों का तर्क था कि इन प्रस्तावों को बिना कानूनी राय लिए बैठक में प्रस्तुत करना उचित नहीं है। उन्होंने मांग की, कि पहले सभी प्रस्तावों पर विधिक सलाह ली जाए, उसके बाद ही उन्हें सदन में चर्चा के लिए रखा जाए। मामला बढ़ता देख चेयरमैन ने सदन की इस बैठक को स्थगित कर दिया। अगली बैठक की तिथि एवं समय बाद में निर्धारित किया जाएगा। यह बैठक दोपहर एक से 2:20 बजे तक चली।



महेंद्रगढ़। बैठक में हंगामा करते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

बैठक से पहले चेयरमैन द्वारा पत्रकार वार्ता भी की गई, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें अधिकार है कि वे नगर पालिका की बैठक शहर के किसी भी वार्ड, मोहल्ले या धर्मशाला में आयोजित कर सकते हैं। बैठक समाप्त होने के पश्चात सभी पार्षद एवं उपस्थित लोग शांतिपूर्वक अपने-अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर गए। वहीं शहर के लोगों का कहना है कि इस तरह पार्षदों द्वारा आपसी बहस बाजी करना गलत है, शहर के विकास कार्यों में रोड़ा बन सकते हैं।

बिजली निगम द्वारा नगर पालिका की जमीन पर लगाए गए पोल व ट्रांसफॉर्म आदि पर रेंट वसूलने को लेकर, नगर पालिका महेंद्रगढ़ शहर क्षेत्र के अंदर किसी भी सरकारी प्रशासनिक और किसी भी सरकारी कार्यक्रम नेता या अन्य किसी भी कार्यक्रम में शहरी सरकार से बिना विचार विमर्श किया, प्रधान, उप प्रधान व पार्षद को नहीं बुलाया जाने और उनको उचित मान सम्मान नहीं दिए जाने पर नगर पालिका के द्वारा उठाए जाने वाले किसी भी तरह के खर्च के लिए कोई भी बिल की अदायगी नहीं किए जाने का मुद्दा भी उठाया गया। इस मौके पर पार्षद विष्णु वाल्मीकि, सुरेंद्र फौजी, अशोक सैनी, रजनीश कुमार, राजेश सैनी, मुकेश खटीक, पार्षद प्रतिनिधि हरिराम खन्ना, सरिता राठी, देवेंद्र सोनू सैनी सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

### बैठक में इन मुद्दों पर होनी थी चर्चा

शहर के शॉपिंग कॉम्पलैक्स की दुकानों के ऊपर बने अवैध रूप से चौबारों में दुकानों को नियमित करने और हाउस की सहमति से इस प्रस्ताव की तय सीमा के अंदर अनुपालन करने वाले दुकानदार पर किराया नहीं भरने की वजह से पीपी एक्ट के तहत केस या न्यायालय में लंबित सभी तरह के मुकदमों को वापस लिए जाने बारे विचार, शॉपिंग कॉम्पलैक्स के दुकानदारों पर काफी वर्षों से बकाया रेंट पर लगे पेनल्टी और ब्याज माफ करने के लिए विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सरकार के पास भेजने बारे विचार विमर्श किया जाना था। शॉपिंग कॉम्पलैक्स के अंदर जर्जर हो चुके लिंटर की छत को ठीक करने पर भी होना था विचार-विमर्श।

### अतिक्रमण के मुद्दे पर भी होना था विचार

नगर पालिका कार्यालय को नया नगर पालिका कार्यालय भवन बनने तक देवीलाल पार्क के पास बने अटल सामुदायिक भवन में शिफ्ट करने और वर्तमान में चल रहे नगर पालिका कार्यालय के स्थान पर पार्किंग स्थल बनाए जाने पर विचार के साथ। नगर के प्रत्येक वार्ड के अंदर विभिन्न मोहल्लों, गलियों व कॉलोनी में आमजन द्वारा अपने घर या प्रतिष्ठान पर बनाए गए पक्के निर्माण रैंप, सीडी आदि की अवैध कब्जे को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त कराने बारे विचार- विचार विमर्श किया जाना था। रेलवे रोड से खोखे के दुकानदारों के लिए अलग से व्यवस्था करने पर भी चर्चा की जानी थी।

## पार्षद व शहरवासियों ने अफसरों से शहर को स्वच्छ बनाने की उठाई मांग

# शहर में नहीं हो रहा समय पर कूड़े का उठान, स्वच्छता मिशन पर लगा ग्रहण

- *शहरवासियों ने समय से कूड़ा उठान की कही बात*
- *सफाई की अव्यवस्था दुरुस्त न होने पर करेंगे प्रदर्शन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में इन दिनों सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों में गहरा असंतोष देखने को मिल रहा है। शहर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में जगह–जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिनका समय पर उठान नहीं हो पा रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का ठेका कंपनी को दिए जाने के बावजूद हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ते नजर आ रहे हैं। शहर की मुख्य सड़कों से लेकर अंदरूनी गलियों तक कूड़ा इकट्ठा हो रहा है। कई स्थानों पर कूड़े के ढेर कई-कई दिनों तक नहीं उठाए जा रहे, जिससे बदबू और गंदगी का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ही नहीं, नगर पार्षदों में भी गंदगी को लेकर रोष है। उल्लेखनीय है नारनौल नगर परिषद के अधीन 31 वार्ड आते हैं। नगर परिषद द्वारा ही शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का काम एक निजी ठेका कंपनी को सौंपा गया था। इसके लिए करोड़ों रुपये का अनुबंध किया गया है, ताकि हर घर से प्रतिदिन कूड़ा उठाया जा सके और शहर को स्वच्छ रखा जा सके, लेकिन वर्तमान स्थिति को देखकर लगता है कि यह व्यवस्था केवल कागजों तक ही सीमित रह गई है। कई वार्डों में लोगों ने शिकायत की है कि कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां नियमित रूप से नहीं आ रही हैं। कहीं दो दिन में तो कहीं तीन-चार दिन में एकबार वाहन पहुंचता है। इस बीच घरों का कूड़ा सड़कों और खाली प्लॉटों में डाला जा रहा है।

बोले शहरवासी। नारनौल शहर की पहचान एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगर के रूप में मौजूद है। ऐसे में स्वच्छता व्यवस्था का बिगड़ना न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि शहर की छवि पर भी दाग लगा रहा है।



नारनौल। गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी की दीवार के पास जमा गंदगी।




नारनौल। मोटा महादेव मंदिर के सामने पड़ा गंदगी का ढेर।

### बीमारियों का बढ़ा खतरा

वार्ड नंबर 21 से नगर पार्षद संदीप जैन (बंटी) के वार्ड में पिछले एक सप्ताह से सफाई नहीं हो रही। सर्दी में पीने के पानी की व्यवस्था भी चरमराई हुई है। 'शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान। कूड़ा उठान में देरी का सीधा असर शहर की स्वच्छता पर पड़ रहा है। जगह–जगह पड़े कूड़े के ढेरों में मक्खी–मच्छर पनप रहे हैं। खुले में सड़ रहे कचरे से दुर्गंध फैल रही है और संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि ऐसी स्थिति में डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ जाती है। विशेष रूप से घनी आबादी वाले इलाकों में हालात ज्यादा चिंताजनक हैं।

### लोगों में बढ़ रही नाराजगी

कूड़ा उठान में अनियमितता को लेकर आमजन में रोष बढ़ता जा रहा है। कई वार्डों के निवासियों ने नगर परिषद कार्यालय में शिकायतें दर्ज करवाई हैं। लोगों का कहना है कि जब वे नियमित रूप से सफाई शुल्क और अन्य करों का भुगतान कर रहे हैं, तो उन्हें मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलनी चाहिए। स्थानीय व्यापारियों का भी कहना है कि बाजार क्षेत्रों में कूड़े के ढेर से ग्राहकों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। दुकानों के सामने कचरा पड़ा रहने से न केवल बदबू आती है, बल्कि ग्राहकों की आवाजाही भी प्रभावित होती है। इससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है।

### यह कहती है नगर परिषद

शहर में सफाई कार्य में जहां नगर परिषद के कर्मचारी लगाए हुए हैं, वहीं कूड़ा उठान का कार्य ठेके पर दिया गया है। शहर में नियमित सफाई करवाई जा रही है। यदि कहीं से कूड़ा उठान नहीं हो रहा तो कंपनी को हिदायत दी जाएगी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाई जाएगी। स्वच्छता ही हमारा ध्येय है। **–सत्येंद्र यादव, सेनेटरी सब इंस्पेक्टर, नगर परिषद, नारनौल।**

# एक मिनट में डिग्गी से निकाले एम लाख, सीसीटीवी में कैद

- अंदेशा : कैमरे में कैद तस्वीर से लग रहा, शातिर को पहले पता था डिग्गी में है पैसा, आशंका बैंक से पीछा कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बैंक से व्यक्ति पैसा लेकर व्यक्ति परिचित के पास पहुंचा। बाहर गली में स्कूटी खड़ी की और दो मिनट में ही वापस आया तो स्कूटी में पैसा नहीं मिला। यह राशि एक लाख थी। आस पास लगे कैमरों को देखा गया तो एक संदिग्ध युवक दिखाई दे रहा है। वह खड़ी स्कूटी पर आकर बैठता है और डिग्गी से पल भर में पैसा निकाल दूसरे साथी के साथ बाइक पर फरार हो जाता है। वारदात के तरीके से अंदेशा लगाया जा रहा है कि शातिर युवक को पता था स्कूटी डिग्गी में पैसा रखा है। पुलिस अब इन दो एंगल से जांच कर रही है कि कहीं यह संदिग्ध युवक बैंक से ही पीछा कर रहा था या फिर पीड़ित के किसी परिचित को पता था बैंक से पैसा निकाला जाएगा। फिलहाल पीड़ित ने सिटी थाना में शिकायत व सीसीटीवी फुटेज दे दी है। शिकायत के बाद सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया।

मौहल्ला पीरआगा वासी प्रमोद कुमार ने सिटी पुलिस थाना में शिकायत दी है। शिकायत में बताया है कि वह शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे महेंद्रगढ़ रोड स्थित एसबीआई बैंक शाखा में पहुंचा और कुछ समय बाद वहां से एक लाख कैश राशि निकलवाकर आया। इस राशि को स्कूटी की डिग्गी में रखी और उस पर सवार होकर दोपहर करीब 1:38 बजे रविदास मार्ग पर नामदेव धर्मशाला के पास पहुंचा। वहां स्कूटी खड़ी की और पास में खान टेलर पर गया। दो मिनट वापस आया तो डिग्गी से पैसा गायब था। आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा तो एक युवक स्कूटी के पास आता है और उस खड़ी स्कूटी पर बैठकर डिग्गी से पैसा निकालते हुए दिखाई दे रहा है। इस बारे में शिकायत और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध करवाई है।



नारनौल। कैमरे में कैद इस शातिर ने निकाली राशि। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस कर रही जांच

वारदात के तरीके से अंदेशा लगाया जा रहा है कि शातिर युवक को पता था स्कूटी डिग्गी में पैसा रखा है। पुलिस अब इन दो एंगल से जांच कर रही है कि कहीं यह संदिग्ध युवक बैंक से ही पीछा कर रहा था या फिर पीड़ित के किसी परिचित को पता था बैंक से पैसा निकाला जाएगा। फिलहाल पीड़ित ने सिटी थाना में शिकायत व सीसीटीवी फुटेज दे दी है। शिकायत के बाद सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया।

# अग्निपथ योजना के तहत आवेदन शुरू

- उमीदवार 2 अग्निवीर श्रेणी के लिए कर सकते हैं आवेदन
- चरखी दादरी, भिवानी, महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी जिला के युवा कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। इच्छुक युवा 1 अप्रैल तक joinindianarmy.nic.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी भर्ती निदेशक ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यार्थी द्वारा प्रति आवेदन परीक्षा शुल्क 250 रुपए का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। इच्छुक उम्मीदवार उनकी योग्यता के अनुसार 2 अग्निवीर श्रेणी के लिए आवेदन करने का विकल्प इस वर्ष भी दिया गया है। भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीरो कि भर्ती दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) व द्वितीय चरण में भर्ती रैली होगी। भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीद्वार को अपना नाम वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन (joinindian-army.nic.in ) पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि चरखी दादरी, भिवानी, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिला के जिन युवाओ का जन्म 1 जुलाई 2005 से 1 जुलाई 2009 के बीच हुआ है और उन्होंने कक्षा 10वीं या कक्षा 12वीं पास कर ली है और जो उम्मीद्वार कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं और परिणामों की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं वे आवेदन करने के पात्र हैं ।

# आर्म्स ट्रेनिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 फरवरी से आरंभ

- सीएससी/साइबर कैफे से या खुद भी कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आम जनता की सुविधा के उद्देश्य से आर्म्स ट्रेनिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 20 फरवरी दोपहर 12 बजे आरंभ होगी। दोपहर 12 बजे से पोर्टल पर पंजीकरण आरम्भ होंगे। इच्छुक आवेदक इस तिथि को दोपहर 12 बजे से पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकेंगे, दो माह की अवधि के लिए ट्रेनिंग बैच बनाए जाएंगे। आवेदक अपने आवेदन सीएससी सेंटर, साइबर कैफे के माध्यम से या स्वयं घर बैठे ही आधिकारिक पोर्टल पर कर सकते हैं। सभी आवेदकों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पूर्व पोर्टल पर उपलब्ध आवश्यक दस्तावेजों की सूची को ध्यानपूर्वक देख लें। आवेदक निर्धारित तिथि और समय पर पोर्टल पर जाकर अपनी आवेदन प्रक्रिया शुरू करें।

# 28 फरवरी तक आवेदन अनिवार्य सीधे बैंक खाते में आएगी राशि

- सीएम के प्रधान सचिव ने वीसी के जरिए की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता ने शुक्रवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी पात्र छात्र-छात्राओं का आवेदन 28 फरवरी 2026 से पहले करवाना सुनिश्चित करें ताकि बच्चों को समय पर लाभ मिल सके। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिला महेंद्रगढ़ की प्रगति रिपोर्ट दी।

उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्णयानुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग और विमुक्त जातियों के लिए उत्तर-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना को अब राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इस योजना के तहत केवल वे भारतीय छात्र पात्र हैं जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय ढाई लाख रुपये से अधिक नहीं है। सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं।

# हरे पेड़ काटे जाने का मामला एनजीटी ग्रीन ट्रिब्यूनल दिल्ली में है विचाराधीन

- शिकायत संख्या 1124-2024 दर्ज कराई गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना सब डिवीजन के गांव रामबास में जुलाई 2024 में ग्राम पंचायत द्वारा काटे गए हरे पेड़ों का विवाद एनजीटी, ग्रीन ट्रिब्यूनल दिल्ली में विचाराधीन है। जिसे लेकर वादी एवं प्रतिवादी सहित दोनों पक्ष अपना-अपना पक्ष रख रहे हैं। मंदिर परिसर एवं अनुसूचित जाति चौपाल से हरे पेड़ काटने के आरोप में ग्रामीण वेद प्रकाश की ओर से जिला वन राजिक अधिकारी सहित विभिन्न अधिकारियों को शिकायत भेजी गई थी। ग्रामीणों ने ग्राम सरपंच सरोज देवी पर पंचायती भूमि, रास्तों तथा मंदिर एवं चौपाल से बड़ी संख्या में पेड़ काटने के आरोप लगाए थे। जिस पर तत्कालीन एसडीएम सहित वन विभाग के अधिकारियों की ओर से मौके पर पहुंचकर जांच की गई थी। वेद प्रकाश एवं अन्य ग्रामीणों की ओर से राष्ट्रीय हरित अधिकरण प्रधान पीठ, नई दिल्ली के समक्ष भी शिकायत संख्या 1124-2024 दर्ज कराई गई थी। जिस पर हाल ही में 5 फरवरी को सुनवाई थी। एनजीटी के माननीय प्रधान न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव एवं डॉ. ए. सेंथिल वेल विशेषज्ञ सदस्य की ओर से सुनवाई की गई। जिसमें प्रतिवादी संख्या 9 को अयोग्य घोषित किया गया। आवेदक के वकील द्वारा एक पत्र प्रकाशित कर स्थगन की मांग की गई। जिसमें नोटिस प्राप्त नहीं करने की सूरत में प्रतिवादी संख्या 9 को अखबार में प्रकाशन के माध्यम से तामील कराने का निवेदन किया गया।

## सुबह शाम मीठी गुलाबी ठंड का असर बरकरार

# बदल रहा मौसम का मिजाज धीरे धीरे तापमान में आ रहा उछाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में लगातार मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। आंशिक बादलबाई देखने को मिल रही है, वहीं सम्पूर्ण इलाके में धीरे–धीरे तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड और शीत ऋतु की विदाई लगभग तय हो चुकी है। हालांकि सम्पूर्ण इलाके में सुबह शाम को मीठी गुलाबी ठंड का असर बरकरार है। बसंत बहार से मौसम सुहावना बना हुआ है।

मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्रमोहन ने बताया कि एक के बाद एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से ठंड के तेवरों को ढीला कर दिया है, वहीं दूसरी तरफ बार–बार मौसम में बदलाव और सम्पूर्ण इलाके में धीरे धीरे तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम आमतौर पर शुष्क बना हुआ है और गर्मी की आहट सुनाई देने लगी है। आज शुक्रवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन और रात के तापमान में उछाल और तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस से 12.5 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। जबकि दिन के तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस से 26.8 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है।

मौसम पूर्वानुमान आने वाले तीन चार दिनों तक हरियाणा एनसीआर दिल्ली में धीरे धीरे तापमान में उछाल देखने को मिलेगा। मौसम पूर्वानुमान मानचित्र विश्लेषण आधार पर 17 फरवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में यह मौसम प्रणाली कमजोर पड़ती नजर आ रही है। इस मौसम प्रणाली से बादलों की आवाजाही के बीच हरियाणा राज्य में 17-19 फरवरी के दौरान केवल 30- 40 प्रतिशत एरिया में ही तेज गति की हवाओं के और गरज–चमक के साथ बिखराव वाली हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियों की सम्भावना बन रही है। जैसे ही मौसम प्रणाली हरियाणा एनसीआर दिल्ली से आगे निकल जाएगी बढ़े हुए दिन और रात के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।

### जिला हिसार के मौसम के मिजाज

जिला हिसार में मौसम आमतौर पर शुष्क परन्तु परिवर्तन शील बना हुआ है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के असर से सुबह से शाम तक आंशिक बादलवाही देखने को मिल रही है आज जिला हिसार में दिन और रात के तापमान क्रमशः 25.9 डिग्री सेल्सियस और 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जिला महेंद्रगढ़ में दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं।

### जिला महेंद्रगढ़ के मौसम के मिजाज

जिला महेंद्रगढ़ पर भी कमजोर पश्चिमी मौसम प्रणाली का असर से आंशिक बादल परन्तु मौसम आमतौर पर शुष्क बना हुआ है सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है। आज जिला महेंद्रगढ़ में नारनौल और महेंद्रगढ़ का दिन और रात का तापमान क्रमशः 25.5 ,9.0 डिग्री सेल्सियस और 25.0 ,11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जिला महेंद्रगढ़ में दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं।



# अल्फा के सेट पर आलिया और बॉबी के बीच खटपट

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग जारी है। पहले ये 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिलहाल इसके सेट पर आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच खटपट हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनके बीच एक सीन को लेकर बहस हुई है। जिसके बाद आदित्य चोपड़ा को सुलह कराने के लिए आना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच सेट पर टेंशन पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक सीन में कुछ क्रिएटिव एडवाइस दे रही थीं।



## लाइफ Style

# तृप्ति

## ओ रोमियो पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

एजेंसी ⏭ मुंबई

शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी स्टारर और विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड 'ओ रोमियो' शुक्रवार, 13 फरवरी को रिलीज हो गई है। इसने बड़े पर्दे पर आने से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

इसको सेंसर बोर्ड के पास भी भेजा गया था, जहां पर इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया था। साथ ही इस पर कई कट्स भी लगाए गए। कुछ शब्दों को दूसरे शब्दों से बदला भी गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ओ रोमियो' के डायलॉग्स में बदलाव करने के लिए कहा गया था। जिसमें 'आइटम' को 'कुमारी' से रिप्लेस किया गया है और एक सीन में एक शब्द को म्यूट कर दिया गया। इसके अलावा, कुछ 'अभद्र' शब्दों को भी डिलीट कर दिया गया है। साथ ही इंटीमेट और रोमांटक सीन्स में कोई कट नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ हिंसक सीन्स पर कैंची चली है। रिपोर्ट के मुताबिक, गला काटने वाले क्लोजअप शॉट को 3 सेकेंड छोटा किया गया है। और बाकी के दो शॉट्स में भी 2 सेकेंड कम किया गया है, जिसमें से एक में 'खून से लथपथ सिर पटकने' और दूसरे में एक महिला के मुंह पर खून के छींटे पड़ने का सीन दिखाया गया था। इतना ही नहीं, महिला को थप्पड़ मारने वाले सीन को भी 2 सेकेंड तक घटाया गया है। मूवी में तंबाकू और धूम्रपान विरोधी सीन्स पर टिकर भी जोड़े गए हैं। और सबके डिस्क्लेमर की लंबाई, उसके वॉइसओवर के साथ बढ़ाई गई है। जिससे फिल्म 1 मिनट 57 सेकेंड लंबी हो गई है।

## हॉलीवुड मसाला




# एफ 1 के सीक्वल पर कर रहे हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। हाल ही में फिल्म एफ 1 के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन बन रहा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज में अभी एक साल से भी ज्यादा का समय है। इस बीच अब प्रियंका ने अपने हॉलीवुड शो 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने शो के भविष्य को लेकर भी बात की है। प्रियंका चोपड़ा ने ये कंफर्म किया कि उनकी स्पाई-थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन बन रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि सीजन 2 तो पक्का आएगा, लेकिन बाकी का क्या? मुझे कोई अंदाजा नहीं है। सच कहूं तो मैं पूछती भी नहीं। मैं काम पर जाती हूं, अपना काम करती हूं और चली जाती हूं। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि कैसे रूसो ब्रदर्स ने उनसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया था।



# रागिनी 3 में लीड रोल में आएंगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने हाल ही में फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस हॉरर फिल्म में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी। 'रागिनी 3' में उनके साथ एक नामी बॉलीवुड स्टार का बेटा नजर आएगा। फिल्म 'रागिनी 3' को शशांक घोष डायरेक्टेड करेंगे। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स ने जानकारी साझा की है। रागिनी 3 में जुनैद खान तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद ने इससे पहले लवयापा जैसी रोमांटिक फिल्म की थी। अब वह हॉरर फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें तमन्ना और वह दमदार किरदारों में नजर आएंगे। रागिनी सीरीज की फिल्मों में रोमांस, धोखा और हॉरर का डोज दर्शकों को दिया जाता है, ऐसा ही कुछ तीसरी कड़ी में भी देखने को मिलेगा।




# शतक के ट्रेलर ने दर्शकों का दहलाया दिल

**नई दिल्ली।** फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन की असरदार आवाज ने आरएसएस की एक शताब्दी लंबी जर्नी को जीवंत किया है। आशीष मल्ल के निर्देशन में बनी फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण में उनके कंट्रीब्यूशन की गाथा है। गुरुजी एमएस गोलवलकर के आइडिया और ऑफिशियल डॉक्युमेंट पर आधारित यह कहानी संघ से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश करती है, जिन्हें अक्सर मैनस्ट्रीम में कम जगह मिली है। ट्रेलर लोगों के रोंगटे खड़े कर रहा है।

## टीवी मसाला

# वैलेंटाइन डे : टीवी स्टार्स ने बताया प्यार का असली मतलब

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर, टीवी के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।

### अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है प्यार की शुरुआत : सुम्बुल तौकीर



सुम्बुल तौकीर खान ने बताया, 'मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सीखा है कि प्यार की शुरुआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूं।'

### नितिन ने शेयर की अपनी फीलिंग्स



नितिन बाबू ने शेयर किया, 'प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी डिसिजन के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि वैलेंटाइन डे उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक खूबसूरत याद दिलाता है जो आपके जीवन को बेहतर बनाते हैं, चाहे वह सबसे छोटे तरीकों से ही क्यों न हो। चाहे परिवार हो, दोस्त हों या कोई खास व्यक्ति, प्यार निरंतरता, विश्वास और सच्ची देखभाल के बारे में है।

### प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए : ऋषि



इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया 'मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। यह आपको धैर्य, सहानुभूति और संतुलन सिखाता है। वैलेंटाइन डे हमें उस भावना का जश्न मनाने का एक कारण देता है, लेकिन मैं मानता हूं कि प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए, सिर्फ एक अवसर पर नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'सच्चा प्यार साथ में बढ़ने, एक-दूसरे के सपनों का समर्थन करने और साझा खामोशियों में सुकून पाने के बारे में है। यह खुद से इतना प्यार करने के बारे में भी है कि आप अपनी कीमत जान सकें. यही वह चीज़ है जिस पर मैं सचमुच विश्वास करता हूं और जिसे जीने की कोशिश करता हूं।'

# वैलेंटाइन वीकएंड पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज



**नई दिल्ली।** शुक्रवार 13 फरवरी को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज हो गई है। वीकएंड भी और वीकएंड पर ही वैलेंटाइन भी है। ऐसे में पार्टनर के साथ थिएटर का रुख करने का शानदार मौका हो सकता है। मगर, आपको घर बैठे ओटीटी पर ही बढ़िया सिनेमा देखना है तो, इस वीकएंड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी कुछ खास है।

**अमर विश्वास :** एक्टर राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' ओटीटी पर 11 फरवरी को रिलीज हुई। इसमें वे वकील की भूमिका में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी हैं।

**कोहरा सीजन 2:** वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन भी रिलीज हो चुका है, जिसे आप इस वीकएंड देख सकते हैं। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आई हैं।

**माना शंकरा वर प्रसाद गारू**

अगर आपकी साउथ फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीकएंड चिरंजीवी की यह फिल्म देख सकते हैं।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। गुरुवार 12 फरवरी को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड आप इसे अपनी वॉच लिस्ट में रख सकते हैं।

# ये हैं परदे पर राज करने वाले सदाबहार रोमांटिक हीरो

**नई दिल्ली।** फिल्मों में हीरो की भूमिका दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती है। कुछ सितारे अपने एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए, कुछ ने कॉमेडी के जरिए दिलों में जगह बनाई। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ दिग्गजों का नाम इसलिए भी लिया जाता रहेगा, क्योंकि उन्होंने परदे पर अपने किरदार के जरिए मोहब्बत का पैगाम दिया और बन गए रोमांटिक हीरो। उनकी यह इमेज सिर्फ एक या दो फिल्मों तक नहीं रही, बल्कि वे सदाबहार रहे। दौर कोई भी आया, जब-जब सिनेमा में रोमांस और रोमांटिक हीरो की बात हुई, इनका जिक्र सहज ही कि या गया।



**देव आनंद:** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

**ऋषि कपूर:** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में आज भी बसी हुई है।

**दिलीप कुमार:** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

**राज कपूर:** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

**राजेश खन्ना:** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

**शाहरुख खान:** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

## दर पर आया दीवाना , लैला-मजनू का रूहानी इश्क, हीर-रांझा की पाक मोहब्बत

# वो अमर प्रेम कहानियां जो दर्शकों की आंखों को कर गईं नम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा ने जब फलना-फूलना शुरू किया तो बड़े पर्दे पर मोहब्बत की कहानियों को सबसे ज्यादा बयां किया। मजनू ने कैसे लैला के इश्क में जान दी? हीर और रांझा का प्यार क्यों मुकम्मल नहीं हुआ? इस दर्द को हिंदी सिनेमा ने वक्त-वक्त पर बखूबी दिखाया। वैलेंटाइन-डे के मौके पर जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें अमर प्रेम कहानियां दर्शकों की आंखों को नम कर गईं।

**सोहनी ने चेनाब किनारे पुकारा महिवाल का नामः** साल 1933 और 1946 में दो हिंदी फिल्में बनीं लेकिन साल 1958 में रिलीज हुई 'सोहनी महिवाल' सबसे चर्चित रही। इसमें भारत भूषण और निम्मी ने मुख्य भूमिका कीं। वहीं साल 1984 में सनी देओल और पूनम ढिल्लों अभिनीत फिल्म 'सोहनी महिवाल' को भी खूब प्यार मिला। सनी देओल स्टारर फिल्म के कई गानों में सोहनी और महिवाल के रूहानी इश्क की दांस्तां को बयां किया गया। फिल्म का एक गाना 'लोगों ने सर पे लगाए हैं हजारों इल्जाम आजा, सोहनी चेनाब दे किनारे से पुकारे तेरा नाम आजा।' यह गाना सोहनी और महिवाल की मजबूरी और इश्क में कुछ भी कर गुजरने की चाहत को बखूबी जता देता है।

### मजनू की मोहब्बत में सजा पाने को हाजिर हुआ लैला का इश्क

हुस्न हाजिर है मोहब्बत में सजा पाने को' जब यह गाना ऋषि कपूर और रंजीता कौर अभिनीत फिल्म 'लैला मजनू(1976)' में सुनाई देता है, तब इस गाने को सुनकर दर्शकों के जेहन में 11वीं सदी की अरब देश की अधूरी प्रेम कहानी की यादें ताजा हो जाती हैं। इसी नाम से साल 1953 में नूतन और शम्मी कपूर ने भी एक फिल्म की। वहीं, साल 2018 में इम्तियाज अली की लिखी कहानी पर बनी 'लैला मजनू' भी एक कल्ट मूवी बन चुकी है। इन सभी फिल्मों में लैला से मिलने की चाहत लिए भटकता मजनू आखिरी में मौत के आगोश में सो जाता है।




### जूलियट की मोहब्बत में कुर्बान हुआ रोमियो

मशहूर ब्रिटिश राइटर शेक्सपियर ने कई बड़े नॉवेल लिखे। लेकिन 'रोमियो और जूलियट' उनका सबसे फेमस नॉवेल है। इस पर कई फिल्में हॉलीवुड में बनी हैं। वहीं, बॉलीवुड की कई फिल्में इस नॉवेल से इंस्पायर रहीं। इसमें साल 2013 की राम लीला भी है, रणवीर और दीपिका की इस फिल्म का दर्दनाक अंत होता है। राम लीला मौत के बाद ही मिल पाते हैं ,क्योंकि समाज और परिवार की दीवारें उन्हें इस जहान में मिलने नहीं देती हैं।

### रांझा रांझा करते-करते हीर दीवानी हुई

साल 1970 में चेतन आनंद निर्देशित फिल्म 'हीर रांझा' में राज कुमार और प्रिया राजवंश पर यह प्रेम कहानी फिल्माई गई। फिल्म में हीर से दूर होकर रांझा का दिल दर्द से भर उठता है। इस दर्द को एक गाने 'ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं' में बखूबी बयां किया जाता है। इसी तरह हीर भी अपना दुख बयां करती है, जिस पर फिल्म में गीत है, 'दो दिल टूटे दो दिल हारे दुनिया वालों सदके तुम्हारे।' यह फिल्म, गीत आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और हीर-रांझा का प्यार भी प्रेमियों के मन में जिंदा है।

### साहिबान की मोहब्बत में टूटा मिर्जा का दिल

हीर और रांझा, सोनी महिवाल की तरह ही साहिबान और मिर्जा की कहानी भी पंजाब में 16वी शताब्दी में पनपी थी। साहिबान को मिर्जा से बेइंतहा मोहब्बत थी वह कभी उससे बेवफाई नहीं कर सकती थी, लेकिन वक्त आने पर वफा भी नहीं कर पाई। उसने मिर्जा के तीर तोड़ दिए, जिससे वह उसके भाइयों को ना मारे। लेकिन, साहिबान के भाइयों ने मिर्जा को मौत के घाट उतार दिया। यह देखकर साहिबान ने भी मौत को चुन लिया और अपने मिर्जा के साथ ही दुनिया से रूखसत हो गई। इसी कहानी को साल 2016 में फिल्म 'मिर्जियां' में नए जमाने के हिसाब से दिखाया गया, फिल्म को ओमप्रकाश मेहरा ने निर्देशित किया था। इसी तरह एक पंजाबी फिल्म 2012 में भी इसी प्रेम कहानी पर बनी, जिसमें गिप्पी ग्रेवाल मिर्जा के रोल में दिखे।

## खबर संक्षेप

### कनीना में तीसरी कोर्ट का संचालन शुरू

**कनीना।** कनीना स्थित उपमंडल स्तरीय न्यायालय कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार को तीसरी कोर्ट प्रारंभ होने पर अधिवक्ताओं ने खुशी जताई है। यहां पर पहले से एसडीजेएम प्रवीण कुमार, जेएमआईसी विशेष गर्ग की नियमित एवं साप्ताहिक फैमिली कोर्ट लग रही थी। विभिन्न प्रकार के बढते परिवादों को देखते हुए तीसरी कोर्ट की आवश्यकता हुई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा, सीजेएम विक्रमजीत सिंह की उपस्थिति में तीसरी कोर्ट के रूप में सिविल जज, जूनियर डिवीजन पीयूष कुमार ने अपना विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने नव नियुक्त सिविल जज से कहा कि उनके अनुभव एवं कार्यकुशलता से न्यायालय के कार्यों में और अधिक गति एवं पारदर्शिता आएगी। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के प्रधान मंजीत यादव, पूर्व बार प्रधान ओपी यादव, रमेश कौशिक, सुनील रामबास, केडी यादव, हरीश गाहडा,सुधीर यादव, संत कुमार,, बलजीत सिंह, अमित कुमार, सतीश कुमार, सुमित सहरावत, नाजि दिनेश कुमार, प्रवाचक मुरारी लाल, योगेश कुमार, विकास कुमार, नायब कोर्ट सत्यपाल सिंह, रणधीर सिंह सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

### 16 को महाशिवरात्रि पर देशी घी का भंडारा

**मंडी अटेली।** 16 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन मौके पर अटेली बाईपास के नजदीक शिव मंदिर धनुन्दा कनीना रोड पर देशी घी के प्रथम भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन धनुन्दा शक्ति नगर के निवासियों के सहयोग से संपन्न होगा। मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। सरपंच रिंकू यादव, मंदिर पुजारी रणसिंह, पूर्ण मास्टर व अशोक यादव ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। आयोजकों ने सभी से सहयोग की भी प्रार्थना की है।

### राधे दास की पुण्यतिथि पर लगा भंडारा

**कनीना।** प्रसिद्ध संत बाबा राधे दास की आठवीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को फाल्गुन बदी एकादशी के अवसर पर हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका कनीना की चेयरपर्सन डॉ रिम्पी लोढ़ा, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन राजकुमार यादव कनीनवाल, पार्षद होशियार सिंह, पूर्व पार्षद मोहन सिंह, कनीना सिटी थाना इंचार्ज राकेश कुमार, तुलसीराम सोनी सहित गणमान्य जनों ने शिरकत की।

सिरस वाले जोहड स्थित आश्रम पर आयोजित इस समारोह को लेकर आश्रम संचालक बाबा राजेश दास ने बताया कि सुबह सवा नो बजे हवन किया गया। जिसमें नगर के प्रबुद्धजनों एवं साधु-संतों ने विश्व शांति के लिए आहुति डाली। उसके बाद साढ़े दस बजे भंडारा प्रारंभ हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होने बताया कि बाबा राधे दास का जन्म एक जनवरी 1946 को हुआ था। वे प्रारंभ से ही अध्यात्कि एवं धार्मिक प्रवृत्ति के थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद उनका चयन राजकीय विद्यालय में शिक्षक के रूप में हुआ। धार्मिक कार्यों की अत्यधिक रूचि होने के कारण उन्होंने शिक्षक का पद छोड़कर सन्यास ले लिया। वैराग्य धारण करने के बाद उन्होंने अन्न के सेवन का पूर्ण रूप से त्याग दिया था।

### ब्लॉक प्रधान मनोज जांगिड़ की माता का निधन

**मंडी अटेली।** जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के ब्लॉक प्रधान मनोज कुमार जांगिड़ की माता विनोद देवी का 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले दो वर्षों से कैंसर से पीड़ित थी। उनके निधन से परिवार व क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार अटेली की श्मशान भूमि में किया गया, जिसमें अटेली व आसपास के क्षेत्रों से अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। विनोद देवी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## रेडक्रॉस एक मानवीय मूल्यों व सेवा को समर्पित संस्था : राव बहादुर

# सोलो डांस में राजकीय कॉलेज नारनौल प्रथम, अटेली द्वितीय

### प्रोफेसर डॉ चंद्रमोहन बने बेस्ट काउंस्लर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सौजन्य से यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटीकरा में चल रहे पांच दिवसीय जिला स्तरीय शिविर का शुक्रवार समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक व यदुवंशी ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के चैयरमैन राव बहादुर सिंह ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटीकरा के प्राचार्य ब्रह्मा प्रकाश दहिया मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य बजरंग लाल ने की। रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बलवान सिंह, कमांडर टेक चंद यादव, रिसोर्स पर्सन व जिला से आएं काउंसलर्स ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का फूल मालाओं फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया। मुख्य अतिथि राव बहादुर सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि रेडक्रॉस एक मानवीय मूल्यों व सेवा को समर्पित संस्था है। रेडक्रॉस एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मानवीय संगठन है जो निस्वार्थ सेवाभाव से ओतप्रोत संस्था है। रेड क्रॉस मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता स्वैच्छिक सेवा एकता और सार्वभौमिकता जैसे सात मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संस्था है, जो करुणा, जीवन रक्षा और स्वास्थ्य के आदर्शों के लिए काम करती है। इस कैंप के संयोजक और कमांडर टेक चंद यादव ने इस पांच दिवसीय शिविर में हुई सभी गतिविधियों और रेडक्रॉस सोसायटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि रेडक्रॉस संस्था एकमात्र विश्व की मानवता को समर्पित संस्था है जिसे अभी तक सबसे ज्यादा 4 बार नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया है। मंच संचालन प्रवक्ता पवित्रा यादव ने बहुत ही उम्दा तरीके से किया। इस पांच दिवसीय जिला स्तरीय वाईआरसी शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता और जन जागरूकता अभियान चलाएं गए।


8 नारनौल। सम्मानित करते राव बहादुर सिंह।

#### बेस्ट काउंसलर और रिसोर्स पर्सन

इस शिविर में सभी गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में बेस्ट यूथ टीम और आल ओवर चेम्पियन ट्राफी का खिताब राजकीय महाविद्यालय नारनौल ने प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला महेंद्रगढ़ के सभी महाविद्यालयों से आएं काउंसलर और रिसोर्स पर्सन को ट्राफी देकर सम्मानित किया। अंत में यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटीकरा के प्राचार्य बजरंग लाल यादव ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों सभी आगंतुकों और रेडक्रॉस सोसायटी परिवार राजकुमा, ओमप्रकाश, रेखा कुमारी, राजीव कुमार सुनील कुमार के सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

#### जिला स्तरीय वाईआरसी शिविर में

**भाषण प्रतियोगिता**

राजकीय महाविद्यालय नारनौल प्रथम स्थान पर, राजकीय महिला महाविद्यालय सीहमा द्वितीय व तीसरे स्थान पर राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल रहा।

**सोलो डांस**

राजकीय महाविद्यालय नारनौल प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली द्वितीय व तीसरे स्थान पर यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटीकरा रहा।

**मोक ड्रिल प्रतियोगिता**

राजकीय महाविद्यालय नारनौल प्रथम, यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटीकरा द्वितीय व तीसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय अटेली रहा।

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**

राजकीय महाविद्यालय अटेली प्रथम, सैंट्रल युनिवर्सिटी हरियाणा द्वितीय व तीसरे स्थान पर राजकीय महिला महाविद्यालय सीहमा रहा।

**बेस्ट यूथ**

इस शिविर में बेस्ट यूथ मेल कुलदीप कुमार राजकीय महाविद्यालय नारनौल जबकि बेस्ट फीमेल यूथ प्रिया राजकीय महिला महाविद्यालय सीहमा बनीं।

## हिंदुस्तान स्कूल सलीमपुर में सीनियर विद्यार्थियों को विदाई दी



**मंडी अटेली।** हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सीनियर विद्यार्थियों को विदाई दी। यह कार्यक्रम स्कूल प्राचार्य अनूप कुमार की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ किया गया। वाईस चेयरमैन मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को भावभीनी विदाई दी। वहीं जूनियर विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ ने सीनियर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डायरेक्टर राकेश यादव ने बताया कि कक्षा 12वीं के विद्यार्थी स्कूल की पहचान है। यह विदाई केवल एक कक्षा से दूसरी कक्षा में जाने की प्रक्रिया है, संबंधों का अंत नहीं। स्कूल से प्राप्त अनुशासन और शिक्षा ही उनके जीवन की वास्तविक पूंजी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी विद्यार्थी भविष्य में अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन करेंगे तथा उन्हें परीक्षा एवं जीवन में सफलता की शुभकामनाएं दी।

## दिव्यांग कर्मचारियों की सेवा आयु 58 से 60 वर्ष किए जाने की मांग, सौंपा

**नारनौल।** टीम उमंग के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश यादव से कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष किए जाने संबंधी मांग पत्र सौंपा। जिला प्रधान विजय यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि वर्तमान परिस्थितियों में बढ़ती महंगाई, पारिवारिक दायित्वों तथा अनुभवजन्य सेवाओं की निरंतर आवश्यकता को देखते हुए सेवा आयु में वृद्धि अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष तक सेवा देने से कर्मचारियों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्राप्त होगी, साथ ही शासन-प्रशासन को उनके अनुभव और दक्षता का लाभ मिलता रहेगा। विजय यादव ने विधायक से मांग करते हुए कहा कि वे इस विषय को हरियाणा विधानसभा में गंभीरता से उठाते हुए सरकार के समक्ष दिव्यांग कर्मचारियों की मांग को प्रभावी ढंग से रखें। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि वे कर्मचारियों की इस मांग को संबंधित मंच पर उठाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर टीम उमंग के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। संगठन ने आशा व्यक्त की है कि सरकार कर्मचारियों के हित में सकारात्मक निर्णय लेकर न्यायोचित कदम उठाएगी।

## सक्षम युवा योजना से युवाओं को मिल रहे रोजगार के अनेक अवसर: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से सक्षम युवा योजना संचालित की जा रही है। एडीएम कनिका गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि सक्षम युवा योजना के तहत पात्र स्नातक एवं स्नातकोत्तर युवाओं को विभिन्न विभागों में कार्य करने का अवसर तथा निर्धारित मानदेय व बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है। एसडीएम ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। यह योजना युवाओं को आर्थिक सहायता के साथ-साथ कार्य अनुभव भी प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना से पात्र स्नातकोत्तर आवेदक को 3500 रुपये प्रतिमाह, स्नातक आवेदक को दो हजार रुपये प्रतिमाह तथा 12वी आवेदक को 1200 रुपये प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है।

#### सक्षम युवा योजना की

1. आवेदक हरियाणा का स्थाई निवासी हो।
2. आवेदक किसी प्रकार के सार्वजनिक/निजी क्षेत्र/अर्ध-सरकारी और स्वरोजगार में शामिल नही होना चाहिए।
3. आवेदक की सभी प्रकार के स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक ना हो।
6. आवेदक द्वारा 12वीं परीक्षा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी, केन्द्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड दिल्ली से संबंद्ध उस मान्यता प्राप्त विद्यालय से नियमित विद्यार्थी के रूप में पास की होनी चाहिए जो कि हरियाणा और यूटी चंडीगढ़ में ही स्थित हों।
7. आवेदक पूर्णकालिक पाठ्यक्रम के तहत एक नियमित छात्र नही होना चाहिए।
9. आवेदक की आयु 12वीं पास के लिए 18 से 35 वर्ष और स्नातक तथा स्नाकौत्तर के लिए 21 से 35 वर्ष के बीच में होनी चाहिए।
10. आवेदक द्वारा पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला और राज्यसंघ क्षेत्र चंडीगढ़ या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली या हरियाणा में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से केवल नियमित कोर्सों के माध्यम से उपाधि प्राप्त की गई हो।

### पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव व चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने शहर के विकास का दिलाया भरोसा

## ढाणी कोजिंदा में नई पाइपलाइन व सड़क निर्माण कार्य का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर के विकास को नई गति देते हुए वार्ड नंबर 12 स्थित ढाणी कोजिंदा में जल निकासी के लिए पाइपलाइन और नई सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस विकास परियोजना का शिलान्यास नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक ओमप्रकाश यादव द्वारा नारियल तोड़कर किया गया। इस परियोजना के तहत क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए आधुनिक पाइपलाइन बिछाई जाएगी और आवागमन को सुगम बनाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह रोड न केवल ढाणी कोजिंदा बल्कि आसपास की सभी ढाणियों के लिए एक महत्वपूर्ण लिंक रोड के रूप में कार्य करेगी। नई पाइपलाइन से क्षेत्र के निवासियों को जलभराव और गंदगी की समस्या से स्थाई मुक्ति मिलेगी।


नारनौल। कार्य का शुभारंभ करते विधायक व चेयरपर्सन।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रशासनिक और तकनीकी टीम सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिनमें डीएमसी रणबीर सिंह, कार्यकारी अभियंता मोनिका, पालिका अभियंता सोहन सिंह, जेई रेणु व पवन यादव और पार्षद सिकंदर सैनी मौजूद रहे।

इस दौरान विधायक ओमप्रकाश यादव व चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने संयुक्त रूप से कहा कि शहर के हर वार्ड और ढाणी तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा ताकि आम जन को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए नगर परिषद और विधायक का आभार व्यक्त किया।



### मोदाश्रम मंदिर में पांच दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

**महेंद्रगढ़।** मोदाश्रम मंदिर में नौ फरवरी से प्रारंभ हुआ विभिन्न देवी-देवताओं की पुनर्स्थापना का पावन धार्मिक कार्यक्रम का शुक्रवार को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। पांच दिवसीय इस भव्य आयोजन ने क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा एवं श्रद्धा का अनुपम वातावरण निर्मित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में विद्वान विप्रजनों द्वारा श्री गणेश, राम दरबार, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा, संतोषी माता, नाग देवता की पुनर्स्थापना वैदिक रीति-रिवाजों एवं शास्त्रोक्त विधि से सम्पन्न कराई गई। यज्ञ, हवन, मंडल पूजन, प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति जैसे विविध अनुष्ठानों के माध्यम से मंदिर प्रांगण दिव्य मंत्रोच्चारण से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए संत-महात्माओं एवं विद्वान आचार्यों का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। संत समाज में प्रमुख रूप से स्वामी नित्यानंद सरस्वती, योगी वचनाई नाथ, शंकर गिरी (टेकड़ी विराट नगर), इतवार गिरी, छोटू गिरी करनाल, विनय पुरी कैथल, ज्ञानेश्वर पानीपत, शेखर गिरी शामली, भरत गिरी शामली, उत्तर प्रदेश एवं पारस गिरी बागपत ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान किए। वैदिक अनुष्ठानों का संचालन एवं संपादन आचार्य वर्ग द्वारा अत्यंत श्रद्धा एवं शास्त्रीय मर्यादाओं के अनुरूप किया गया।

## जीवन के लिए सुरक्षित यात्रा पर फोकस जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के मकसद से पुलिस कर्मचारियों ने स्कूली विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा का पाठ पढाकर यातायात नियमों की जानकारी दी। शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जागरूकता शिविर में ट्रैफिक एसएचओ निरीक्षक नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है और सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। जिसमें जान भी जा सकती है। सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में समझाते हुए बताया कि कार चलाते समय सीट बेल्ट और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग जानलेवा साबित हो सकता है। चालक को अपनी लेन में सुरक्षित दूरी बनाकर चलना चाहिए और लेन बदलते समय या मुड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोल चक्कर, सिग्नल या किसी भी मोड़ पर ओवरटेक करने से बचना चाहिए और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में वाहन की गति हमेशा धीमी रखनी चाहिए।


कनीना। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते निरीक्षक नरेश कुमार।

### शिक्षण संस्थानों में मर्यादा का पाठ जरूरी

## विदाई पार्टी के बहाने अश्लील गाने ठीक नहीं : शीशपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हर वर्ष स्कूल कॉलेज विदाई पार्टी के नाम से कार्यक्रम आयोजित करते हैं इसमें कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों को विदाई के लिए सांस्कृतिक, मनोरंजनात्मक तथा शिक्षकों द्वारा भावी जीवन में गुणवत्तापूर्ण जीवन जीने का एक संदेश छुपा होता है। परन्तु आजकल देखा जा रहा है कि क्षेत्र के विद्यालय बाल मन को प्रभावित करने वाले डीजे पर अश्लील गीतों को बजाकर उनका मनोरंजन कर रहे हैं।

यह बात सांस्कृतिक अहीरवाल मीडिया प्रभारी शीशपाल यादव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से शुक्रवार कही। उन्होंने कहा कि इन गीतों में न कोई संस्कार है न कोई सभ्यता न ही भावी जीवन को जीने की कोई प्रेरणा।बल्कि उदंडता, उच्श्रृंखलता और मनमाना व्यवहार जीने का एक आंतरिक संदेश छुपा होता है युवा अधिक भ्रमित क्यों होता है? इसका उत्तर इन कार्यक्रमों को देखकर सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सांस्कृतिक अहीरवाल संस्कार सक्षम विद्यार्थी जीवन, युवा जीवन बनाने की ओर ध्यान दे रहा है। इस प्रकार के बेतुके कार्यक्रमों की बजाय संस्कार सक्षम कार्यक्रम करके समाज योग्य नागरिक बनाने का काम विद्यालयों का जो होता है।

**जागरूकता** रघुनाथपुरा में एनएसएस शिविर का समापन, प्रतिभागियों को किया सम्मानित

# स्वयंसेविकाओं ने सामाजिक सेवा, स्वच्छता स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रातः योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट वन, टू एवं थ्री की ओर से राजकीय प्राथमिक पाठशाला रघुनाथपुरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। इस शिविर में स्वयंसेविकाओं ने सामाजिक सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा जन-जागरूकता से संबंधित अनेक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञानचंद राणा उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रिंसिपल आरपी सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. पारुल गुप्ता, डॉ. पवन व कॉलेज स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। शिविर का सफल संचालन तीनों एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनमीत कौर, डॉ. सुनीता देवी एवं डॉ. वंदना कुमारी के कुशल निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अध्यापक भूपसिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही गांव के अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति एवं रघुनाथपुरा के नागरिक भी बड़ी संख्या में समारोह में मौजूद रहे।



नारनौल। अतिथि को सम्मानित करते हुए कॉलेज स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

#### शिविर के दौरान आयोजित हुई प्रतियोगिता

100 मीटर दौड़, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, सिंगिंग एवं डांस प्रतियोगिता करवाई गई। इनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली स्वयंसेविकाओं को 'बेस्ट वॉलेंटियर' अवॉर्ड प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त तीनों इकाइयों से चयनित छात्राओं को 'बेस्ट रोल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। प्रथम यूनिट से पारुल, द्वितीय यूनिट से नेहा तथा तृतीय यूनिट से मानवी ने पूरे सात दिनों तक शिविर में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। उनके समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए उन्हें मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ज्ञानचंद राणा ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना को सुदृढ़ करती है।

**PUBLIC NOTICE**

I Ravi Kumar S/o Subhash Chand R/o Village Kherki Teh. & Distt. Mahendergarh Haryana declare that my son name has been mentioned is Karthik Yadav in his Indian Pasport no. W3486188 by mistake. The correct name of my son is Kartik Yadav as per her other documents. necessary correction as pr rules.

**कार्यालय नगरपालिका नांगल चौधरी**
दूरभाष नं. 01282–2780547

**सार्वजनिक सूचना**

सभी जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा नगरपालिका भागीदारी अधिनियम 2008 के अतर्गत नगरपालिका नांगल चौधरी के प्रत्येक वार्ड में वार्ड कमेटी का गठन किया जाना हे। उपरोक्त अधिनियम के तहत नगरपालिका नांगल चौधरी द्वारा प्रत्येक वार्ड से वार्ड कमेटी में 03 से 07 आमजन को बतौर सदस्य सम्मलित किया जाना है। अतः प्रत्येक वार्ड के आमजन से अनुरोध है कि जो भी व्यक्ति ६ आमजन अपने–अपने वार्ड में हरियाणा नगरपालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के अतर्गत वार्ड कमेटी का सदस्य बनना चाहता है, वो दिनांक 17.02.2026 को सांय 5.00 बजे तक नगरपालिका नांगल चौधरी कार्यालय में अपना आवेदन दे सकता है। हरियाणा नगरपालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के अतर्गत अन्य नियम व शर्तें नगरपालिका नांगल चौधरी से प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव**
**नगरपालिका नांगल चौधरी**

## खबर संक्षेप



### एसबीआई ने रामपुरा पीएचसी को भेंट किया सामान

**नारनौल।** रेवाड़ी रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा की तरफ से सीएसआर स्कीम के तहत एक लाख रुपये के विभिन्न जरूरी सामान प्राइमरी हेल्थ सेंटर रामपुरा को उपलब्ध कराया गया। जिसमें इलाज कराने वाले मरीजों को सुविधा मिल सके। बैंक ने इसके द्वारा अपने सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने के प्रति अपने समर्थन को समझा है। सामान के विवरण अनुसार एक वाटर कूलर, दस सोलर लाइट, तीन स्टील बैंच, दो कुर्सी तथा पांच पंखें दिए गए हैं। इस मौके पर मुख्य प्रबंधक जगनलाल एएमसीसी नारनौल, मुख्य प्रबंधक रामनिवास नाहरवाल, गोस्वामी मार्केट के मुख्य प्रबंधक हरजीत सिंह, नारनौल शाखा क्षेत्रीय व्यवसायिक कार्यालय से प्रबंधक अरुण कुमार ने पीएचसी रामपुरा का धन्यवाद किया व सामान को मरीजों की सुविधा के लिए समर्पित किया।

### टीम सिहर ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**नारनौल।** गांव खातौली अहीर में आठ फरवरी से चली आ रही पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो चुका है। जिसमें सिहार की टीम विजेता बनी। इस टूर्नामेंट में कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला खातौली जाट और सिहार के बीच खेला गया, जिसमें सिहार की टीम विजेता बनी। फाइनल मैच बिहारीपुर और सिहार के बीच खेला गया निर्धारित 10 ओवर में सिहार की टीम ने 100 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहारीपुर की टीम एक समय पर बहुत मजबूत स्थिति में थी। विजेता टीम सिहार को 21000 व ट्रॉफी, उपविजेता बिहारीपुर टीम को 11000 व ट्रॉफी और तीसरे स्थान पर आने वाली कमानिया टीम को 3100 रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई।

**बसंत पर्व सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों का संवाहक**

# राजकीय कॉलेज नारनौल में दो दिवसीय आगाज-ए-बसंत उत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। बसंत उत्सव का शुभारंभ करते मुख्यातिथि। फोटो: हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार से दो दिवसीय "आगाज-ए-बसंत उत्सव" का भव्य शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रधानाचार्य प्रोफेसर राजवीर सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन संबोधन में प्रोफेसर राजवीर सिंह ने भारत में पर्वों और उत्सवों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं परंपरा में त्योहार केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों के संवाहक हैं। उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए प्राचीन कवियों एवं समाज सुधारकों की भूमिका पर विशेष बल दिया, जिन्होंने ऐसे उत्सवों के माध्यम से समाज सुधार, जन-जागरूकता एवं सामाजिक कल्याण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

### रंगोली प्रतियोगिता का होगा आयोजन

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मीना कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव के प्रथम दिवस में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने हेतु रंगोली, पोस्टर मेकिंग, स्किट (नाट्य प्रस्तुति) तथा पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### ये रहे उपस्थित

महाविद्यालय परिषद की ओर से कार्यकारी प्राचार्य डॉ. हवा सिंह के नेतृत्व में मुख्य अतिथि का हार्दिक स्वागत किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर नरेश यादव, प्रोफेसर सतीश सैनी सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण उल्लास, उत्साह एवं सांस्कृतिक चेतना से परिपूर्ण रहा। दो दिवसीय "आगाज-ए-बसंत उत्सव" के अंतर्गत आगामी दिवस में विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का भरपूर अवसर प्राप्त होगा।

**जन भागीदारी से जोड़कर ग्राम पंचायतों को सौंपी पेयजल व्यवस्था**

# जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनाया जल अर्पण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। विभागीय टीम पेयजल व्यवस्था पंचायत को अर्पित करती हुई।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में "जल अर्पण दिवस" बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागके मार्गदर्शन में ब्लॉक निजामपुर के बिगोपुर, सतनाली के डिगरोता, खंड सिहमा के अटाली तथा महेंद्रगढ़ के आदलपुर गांव में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल प्रबंधन तथा पंचायत हैंडओवर योजना के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल योजनाओं का संचालन और रखरखाव अब ग्राम पंचायतों द्वारा जिम्मेदारीपूर्वक किया जाएगा, जिससे योजनाओं की स्थायित्व और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान खंड संसाधन संयोजक अशोक कुमार, पूजा रानी, अनीता और धर्मेन्द्र ने ग्रामीणों को जल अर्पण दिवस के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है और इसकी सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। "जल बंधन" कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को जल स्रोतों की सुरक्षा और संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। "जल परिक्रमा" के माध्यम से गांव की पेयजल व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें जल स्रोत, टंकी, पाइपलाइन और वितरण व्यवस्था का अवलोकन शामिल था। "जल संकल्प" के जरिए उपस्थित ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जल संरक्षण, स्वच्छता और नियमित रखरखाव का वचन लिया।

### जलवीरों को किया सम्मानित

इस अवसर पर जलवीरों—जिनमें महिलाएं, स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्य तथा नलकूप और मोटर चालक शामिल थे—को सम्मानित किया गया। उनके योगदान की सराहना करते हुए अधिकारियों ने कहा कि जल योजनाओं की सफलता में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को विशेष रूप से बिल संग्रहण, जल गुणवत्ता निगरानी और जागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

### जलसंचालन की सौंपी जिम्मेदारी

अधिकारियों ने पंचायत हैंडओवर योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अब ग्राम जल एवं सीवरेज समिति को जल योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। समिति के अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि पंचायतों को प्राप्त टाइड बजट का उचित उपयोग जल स्रोतों की मरम्मत, पाइपलाइन सुधार, मोटर रखरखाव तथा जल गुणवत्ता जांच में किया जाएगा। इससे योजनाएं नियमित रूप से संचालित होंगी और समय पर आवश्यक सुधार कार्य संभव हो पाएंगे। कार्यक्रम में एसएचजी के माध्यम से पेयजल बिल संग्रहण की प्रक्रिया, नियमित जल सैंपलिंग और गुणवत्ता जांच की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों को पेयजल से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान हेतु टोल फ्री नंबर 18001805678 और 9041741800 पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

# बीआर स्कूल में छात्रा दीपांशी व समृद्धि बनी स्टूडेंट ऑफ द मंथ

■ बीआर स्कूल में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



बीआर स्कूल सेहलंग में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन हरीश भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द मंथ एवं बेस्ट स्टाफ ऑफ द मंथ पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस दौरान कक्षा पांचवीं से दीपांशी पुत्री सुनील, समृद्धि पुत्री राजीव, कक्षा छठी से वंशिका पुत्री राकेश, माही पुत्री प्रवीण, कक्षा सातवीं से वंदना पुत्री मनोज, ईशांत पुत्र बलजीत, कक्षा आठवीं से हैप्पी पुत्र सत्यवान, मान्सी पुत्री संदीप, कक्षा नौवीं से तेजस्विनी पुत्री कुलदीप, प्राची पुत्री रविंद्र, कक्षा दसवीं से शालु पुत्री राममेहर, नमन पुत्र अजीत तथा कक्षा 11वीं से अनुज पुत्र श्योरतन, रितेश पुत्र गौतम को स्टूडेंट ऑफ द मंथ पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं स्टाफ आफ द मंथ पुरस्कार प्री-प्राइमरी विंग से सुमन बाई तथा अपर विंग से नीलम यादव को दिया गया। प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रोत्साहित करना है। इससे बच्चों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और वे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देना है। मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं।

# स्किल डेवलेपमेंट व स्टार्टअप पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



महेंद्रगढ। राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में उद्यमिता एवं स्टार्टअप विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखी दादरी के प्रोफेसर डॉ. जगजीत सिंह मोर एवं महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. जगजीत सिंह मोर ने कहा कि वे किस प्रकार न्यूनतम लागत में नए-नए स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं तथा स्वयं रोजगार सृजित करने के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया, ताकि वे भविष्य में बेरोजगार न रहकर रोजगार देने वाले बन सकें। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए फिजिक्सवाला, जोमैटो, स्विग्गी सहित अन्य सफल स्टार्टअप्स के उदाहरण देकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राचार्य विजय यादव ने विद्यार्थियों को नए युग की रोजगार चुनौतियों एवं उनसे निपटने के तरीकों की जानकारी दी तथा शिक्षा के साथ-साथ उद्यमिता को अपनाने पर बल दिया। महाविद्यालय प्रोफेसर जितेंद्र वशिष्ठ ने भी अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे छोटे-छोटे ऐप्स एवं नवाचारों के माध्यम से स्वयं का रोजगार सृजित कर सकते हैं। सहायक प्रोफेसर अलका ने विद्यार्थियों को उद्यमिता, भविष्य में आने वाले अवसरों, चुनौतियों तथा उनके समाधान के बारे में विस्तार से बताया।

# एनएसएस शिविर में छात्रों ने की सामाजिक स्थलों की सफाई




**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन को सामाजिक जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्याम मंदिर एवं उसके आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान से हुई, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मंदिर परिसर, आसपास की गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की। स्वच्छता अभियान के पश्चात शिविर के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस जैसे विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टर तैयार किए। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करना तथा समाज में जागरूकता का प्रभावी संदेश देना रहा। इसके उपरांत एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान उप सिविल सर्जन डॉ. जगमोहन यादव द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है, जो एंटीबायोटिक दवाओं के गलत, अनावश्यक एवं अधूरे उपयोग के कारण तेजी से बढ़ रही है। प्रधानाचार्य अनिल यादव ने कहा कि ऐसे जागरूकता व्याख्यान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर विषयों को समझने में सहायक होते हैं तथा उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज सेवा से जुड़े रहने का संदेश दिया।

**कार्यक्रम** | **मिशन उड़ान के तहत शिक्षा को मिला नया संबल**

# रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स ने गर्ल्स हाई स्कूल में छात्राओं को बांटी साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स की ओर से मिशन उड़ान के अंतर्गत गर्ल्स हाई स्कूल में जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरित की गईं। इस सराहनीय पहल का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनके विद्यालय आने-जाने को सुरक्षित और सुगम बनाना है। क्लब के प्रधान दिनेश भार्गव ने बताया कि यह सेवा कार्य डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रविंद्र गुगनानी के सहयोग एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि रोटरी का उद्देश्य केवल सेवा करना ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाना भी है। साइकिल मिलने से छात्राओं का समय बचेगा, उनकी सुरक्षा बढ़ेगी तथा वे नियमित रूप से विद्यालय आ सकेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स द्वारा किया गया यह कार्य अत्यंत सराहनीय है। बेटियों की शिक्षा में सहयोग करना समाज को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जब हमारी बेटियां शिक्षित होंगी, तभी देश प्रगति करेगा। वह रोटरी क्लब के इस सेवा भाव को नमन करते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने कहा कि यह पहल केवल साइकिल वितरण नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को गति देने का प्रयास है। रोटरी क्लब निरंतर अपने सामाजिक कार्यों से समाज में प्रेरणादायक भूमिका निभा रहा है। आशा है कि ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर चलते रहेंगे।

### ये रहे मौजूद

क्लब के सचिव सत्यनारायण सैनी ने बताया कि मिशन उड़ान के तहत विभिन्न विद्यालयों में साइकिल वितरण अभियान जारी रहेगा। साथ ही क्लब द्वारा 17 फरवरी को रेड क्रॉस भवन, मिनी सेक्रेटेरिएट में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। क्लब के उपप्रधान अनिल यादव ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया तथा सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन शीतल भार्गव एवं महेश सैनी रहे। इस अवसर पर अमित सैनी, सोनू सैनी, विद्यालय स्टाफ, रोटेरियन्स एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। छात्राओं ने साइकिल प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की और रोटरी क्लब का आभार जताया।

## खबर संक्षेप

### कॉमर्स ओलंपियाड में यदुवंशी का शानदार प्रदर्शन



महेंद्रगढ़। यदुवंशी स्कूल के विद्यार्थियों ने आईसीएआई द्वारा आयोजित कॉमर्स ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शानदार सफलता हासिल की है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। आईसीएआई कॉमर्स ओलंपियाड देशभर के कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है। इसका उद्देश्य छात्रों में अकाउंटेंसी, इकोनॉमिक्स, बिजनेस स्टडीज और वित्तीय ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उन्हें पेशेवर कोर्सों के लिए प्रेरित करना है। यदुवंशी स्कूल के प्रतिभाशाली 44 विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर इस प्रतियोगिता में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें प्रिया पुत्री मंजीत ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर 12 हजार रुपये की राशि प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त यूनीक कुमार, जय भगवान, निशा, अमन राव, यश कुमार, तनीश कुमार, गौरव प्रत्येक ने 2400 रुपये की धनराशि प्राप्त की व अन्य विद्यार्थियों ने 1800 व 1200 रुपये प्राप्त करते हुए कुल 81,600 रुपये की राशि यदुवंशी विद्यार्थियों द्वारा पुरस्कार स्वरूप जीती। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने विद्यालय का नाम प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

### रामचंद्र पब्लिक स्कूल में मनाया महाशिवरात्रि पर्व



**महेंद्रगढ़।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल कनीना में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव की पूजा-अर्चना से की गई। विद्यार्थियों ने महाशिवरात्रि के महत्व पर सुंदर भाषण प्रस्तुत किए तथा भक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी कामन मोह लिया। इसी अवसर पर विद्यालय में क्ले मॉडलिंग (मिट्टीकला) गतिविधि का भी आयोजन किया गया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मंदिर, प्रकृति तथा सामाजिक विषयों पर आकर्षक मॉडल तैयार किए। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता और कौशल का विकास करना था। विद्यालय चेयरमैन राव रोशनलाल यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

### विद्या भारती स्कूल में सीनियर को जूनियर ने दी विदाई



**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। संस्था के चेयरमैन राजकुमार यादव ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बच्चों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप अपने गुरूजनों का तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल हितेश पुत्र शेर सिंह निजामपुर तथा मिस फेयरवेल उदिता किरार पुत्री करतार सिंह मेहाड़ा गुर्जरवास रहे। इस अवसर पर संस्था की वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव, प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डा. रविन्द्रा यादव, प्राचार्य विनोद कुमार तथा प्राईमरी इंचार्ज विजय सोनी सहित अन्य अध्यापकगण उपस्थित थे। संस्था की वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव ने विद्यार्थी जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताया कि स्कूली शिक्षा व कॉलेज शिक्षा में काफी अंतर होता है। 12वीं कक्षा के पश्चात बच्चों को अपना मार्ग स्वयं तय करना पड़ता है।

### सूरज स्कूल में सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक



**नारनौल।** शहर के सूरज स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या रितु चहल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को ट्रैफिक नियम, रोड साइन, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि सड़क पर चलते समय सावधानी और नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। बच्चों को उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से समझाया गया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। प्रधानाचार्या रितु चहल ने कहा कि सड़क सुरक्षा की शिक्षा बचपन से ही दी जानी चाहिए, ताकि बच्चे बड़े होकर जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

### आरपीएस कॉलेज में एनएसएस शिविर आयोजित



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से एक-दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश डागर के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कुल 200 स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में समाज सेवा और श्रम के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना था। स्वयंसेवकों ने श्रमदान के महत्व को चरितार्थ करते हुए कॉलेज प्रांगण की व्यापक स्तर पर सफाई की। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव और सीईओ मनीष राव ने भी एनएसएस इकाइयों के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह कादियान ने भी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया । इस मौके पर कॉलेज के निदेशक डॉ. महेश यादव, कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव, प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र सिंह कादियान और अधिष्ठाता डॉ. हेमंत कुमार भी उपस्थित रहे,।

### खेल प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों ने लिया भाग



**नारनौल।** दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए हाउस एवं कक्षा स्तर पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल मुखिजा द्वारा खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाकर किया गया। इसके पश्चात कक्षा-वार एवं हाउस-वार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें 50 मीटर, 100 मीटर दौड़, रिले रेस, लेमन रेस, खो-खो, लंबी कूद, स्केटिंग तथा रस्साकशी जैसी रोमांचक प्रतियोगिताएं शामिल रही। कक्षा स्तर पर आयोजित खेलों में विद्यार्थियों ने अपनी व्यक्तिगत प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं हाउस वाइज प्रतियोगिताओं में टीमवर्क, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। समापन पर विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।